## खबर संक्षेप

### कोठी का पटवारी निलंबित

**सतना।** राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत नक्शा तरमीम और खसरे से आधार लिंकिंग में रूचि नहीं लेने और कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी हल्का कोठी प्रवीण कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। राजस्व महाअभियान 3.0 अन्तर्गत प0ह0 तहसील कोठी पटवारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा हल्का अन्तर्गत नक्शा तरमीम में 1100 लक्ष्य के विरूद्ध केवल 9.45 प्रतिशत एवं आर0ओ0आर0 खसरे से आधार लिंकिंग में 4555 लक्ष्य के विरूद्ध कुल 2.08 प्रतिशत कार्य ही किया गया है। पूर्व में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर 20 जनवरी .2025 तक कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसके बावजूद पटवारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किया गया। जिसके कारण प0ह0 तहसील कोठी पटवारी प्रवीण कुमार सिंह को निलंबित किया गया है।

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता यंग इंडिया के बोल सीज़न 5 आरंभ

**सतना।** जिला युवा कांग्रेस ने युवा कांग्रेस के प्रमुख कार्यक्रम 'यंग इंडिया के बोल' 5वें सीजन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष अभिज्ञान शुक्ला युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मशहूद अहमद शेरू रैगांव विधानसभा के अध्यक्ष शिवम सिंह,मैहर विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा (लल्ला) जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र रैकवार,भूप सिंह चंदेल,प्रदेश सचिव ऋषभ निगम ,इंद्रमणि तिवारी,राज गुप्ता,मुस्तफा फैजल खान,बाल किशन,कार्यक्रम का पोस्टर लॉच कर जिले भर के युवाओं से कार्यक्रम में जुड़ने की अपील की।k

### महाकुम्भ मेला के दौरान मझगवां-चित्रकूट मुख्य मार्ग में खुदाई प्रतिबंधित

**सतना।** महाकुम्भ मेला प्रयागराज एवं चित्रकूट क्षेत्र में बीएसएनएल नेटवर्क दुरस्त रखने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्देशित किया गया है। मझगवां-चित्रकूट मार्ग में बीएसएनएल का ऑप्टिकल फाइबर केबल कार्य कर रहा है। जो नल जल विभाग द्वारा निरंतर खुदाई के कारण क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। जिसके कारण चित्रकूट में बीएसएनएल नेटवर्क टीक रखने में कठिनाई आ रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने आदेश जारी कर कहा है कि महाकुम्भ मेला के दौरान 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक मझगवां से चित्रकूट मुख्य मार्ग में खुदाई से संबंधित सभी प्रकार के कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। जिससे महाकुम्भ मेला के दौरान बीएसएनएल दूर संचार सुविधाओं को सुचारू एवं निरंतर रूप से संचालित किया जा सके।

### स्कूल प्रबंधक और स्कूल बस संचालकों की बैठक 23 जनवरी को

**सतना।** उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ द्वारा स्कूल बच्चों की बसों में सुरक्षित आवागमन के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। निर्देशों के परिपालन में 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में जिले के समस्त स्कूल प्रबंधक और स्कूल बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त स्कूल प्रबंधक और स्कूल बस संचालकों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

### मैहर में शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम की आठवीं प्रस्तुति 1 फरवरी को

**सतना।** मैहर में मां शारदा की पावन नगरी एवं संगीत सम्राट पद्म विभूषण बाबा अलाउद्दीन खाँ साहब की साधना स्थली मैहर में शास्त्रीय संगीत के उभरते हुये नवोदित कलाकारों को मंच देने का कार्य जिला प्रशासन के सहयोग से मैहर म्यूजिक अटाला आर्ट सिटी के तत्वाधान में 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ किया गया था। आयोजन समिति के निर्णय अनुसार इसकी आठवीं प्रस्तुति 1 फरवरी को ब्रज विलास पैलेस किला परिसर के दरबार हाल में सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपन्न होगी। शास्त्रीय संगीत के इस कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, वादन एवं नृत्य के कलाकार अपनी प्रस्तुती दे सकेंगे। साथ में अटाला आर्ट के तहत घर की अनुपयोगी वस्तुओं से निर्मित कलाकृति की प्रदर्शनी भी ब्रज विलास पैलेस किला परिसर में लगाई जाएगी। इस हेतु कलाकार अपने आवेदन बायोडाटा के साथ 25 जनवरी 2025 तक संगीत महाविद्यालय मैहर में प्रभारी अनिल कुमार जायसवाल सहायक व्याख्याता मोबाइल 79872 74350 के पास जमा कर सकते हैं। जिन कलाकारों की प्रस्तुतियां हो चुकी हैं वह एक वर्ष के पश्चात ही आवेदन करने के पात्र होंगे।

## बस डिपो की जमीन पर बनेगा वाणिज्यिक सह आवासीय कॉम्प्लेक्स

# नगर निगम प्रशासन ने भेजा शासन को 61 करोड़ का प्लान

**सतना।**

सेमरिया चौक के पास स्थित पुराने राज्य परिवहन बस डिपो की शेष बची जमीन पर सरकार स्वतः वाणिज्यिक सह आवासीय कांप्लेक्स बनायेगी। इस संदर्भ में नगर निगमायुक्त डॉ.शेर सिंह मीना ने प्रदेश शासन को 61 करोड़ का प्लान तैयार कराकर भेजा है। हासिल जानकारी के मुताबिक यह प्रस्तावित योजना प्रबंध संचालक राज्य परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग को भेजा गया है। बताया गया है कि प्रस्तावित निर्माण कार्य में बेसमेंट में पार्किंग,भू-तल और प्रथम तल में दुकान और ऑफिस तथा द्वितीय तल में रिहायसी आवास होंगे।

### कुछ जमीन समदडिया बिल्डर ने लिया है

नगर निगम की संपत्ति प्रबंधन शाखा से मिली जानकारी के



मुताबिक इस जमीन का एक हिस्सा समदडिय़ा बिल्डर्स ने लिया है,लेकिन जमीन की गलत रजिस्ट्री कराने से नामांतरण नहीं हो पा रहा है। बस डिपो की शेष भूमि पर उक्त निर्माण कार्य नगर निगमायुक्त डॉ.शेर सिंह मीना द्वारा प्रस्तावित किया गया है।

### परिसंपत्ति विभाग को भेजा गया है प्रस्तावः कमिश्नर

सेमरिया चौक स्थित पुराने बस डिपो की जमीन पर व्यवसायिक एवं रिहायसी कांप्लेक्स बनाने का प्रस्ताव शासन के प्रबंध संचालक राज्य परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग को भेजा गया है। अभी सरकार की ओर से इसे स्वीकृति नहीं मिली है। फिलहाल निर्माण एजेन्सी की जानकारी भी शासन की ओर से नहीं मिल पाई है।




# जनसुनवाई में 72 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**सतना।**

कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार को जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे और डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 72 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति,गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत समस्या, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 37 आवेदन

कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मंगलवार को जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आये 37 आवेदकों की समस्यायें जनसुनवाई में सुनी और उनके निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बारात घर से बच्ची को उठाकर ले जाने वाले बदमाश को कोर्ट ने भेजा जेल

**पुलिस की गाड़ी का सायरन सुनकर बच्ची को छोड़कर हुआ था फरार, पुलिस ने किया था गिरफ्तार**

**सतना।**

भरहुत नगर स्थित रामकृष्ण कॉलेज के पास कोलकाता मैरिज गार्डन बारात घर से बच्ची को उठाकर ले जाने वाले बदमाश को पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी बच्ची को लेकर सुनसान इलाके में पहुंच गया था,इसी दौरान पुलिस की गश्ती गाड़ी का सायरन सुनकर बच्ची को छोड़कर भाग गया था। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी के पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया था। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात भरहुतनगर स्थित



वैवाहिक समारोह से 6 वर्षीय अबोध बच्ची का अपहरण करके भागे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार किया गया युवक निगरानीशुदा बदमाश है। सन 2015 में एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 7 वर्ष की सजा काटने के बाद हाल ही में वह जेल से छूटा था। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा की गयी पूछताछ में यह बात सामने आयी कि पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर इस मामले की जांच पड़ताल हेतु गठित 8 टीमों के बढ़ते दबाव के कारण आरोपी बगहा के नजदीक रेलवे ट्रैक के किनारे बच्ची को छोड़कर भाग खड़ा हुआ। बताया गया है कि आरोपी द्वारा बच्ची को आइसक्रीम देने का लालच देकर करीबन ढाई किलोमीटर पैदल चलवाया गया था। पुलिस टीमों द्वारा एसपी के मार्गदर्शन में इस मामले में अपहत बच्ची को बरामद करने के लिये लगभग चार दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये।भरहुत नगर के जिस पैलेस से आरोपी ने बच्ची का अपहरण किया था,वहां के सीसीटीवी फुटेज में बच्ची आरोपी के पीछे जाती हुई स्पष्ट दिखाई दे रही थी। जिसके आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने शहर के चारों ओर नाकाबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट के उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भिजवा दिया गया।

# वार्ड नं. 22 में मेन रोड के किनारे बनाया जा रहा घटिया नाला





**मैहर।**

मैहर नगर पालिका के द्वारा एक भी ऐसा कार्य आज तक नहीं किया गया जो संपूर्ण रूप से अच्छा कह सके नहीं तो एक भी निर्माण गुणवतापूर्ण नहीं बनाए गए हैं जैसे कि नगर पालिका के बगल में हाउसिंग बोर्ड में नाला बनाया गया था जिसमें पानी न बहने के कारण हाउसिंग बोर्ड के मकान भरभरा कर गिर गए थे। इसी तरह अभी कुछ दिन पहले न्यू बस स्टैण्ड एवं नगर पालिका परिषद के सामने नाले का निर्माण किया गया जिसमें पानी बहता ही नहीं है। फिर यह नाला किस मकसद से बनाया गया था जिसको पूंछने वाला कोई नहीं है। इसी तरह इस समय वार्ड 22 में मेन रोड के किनारे लगभग 12 सौ मीटर एवं एक करोड़ के ऊपर की लागत से नाला बनाया जा रहा है जो अभी तक के सबसे घटिया निर्माण में से एक होगा ऐसा वार्ड के लोगों का कहना है। यह नाला सड़क के दोनों साइड में बनना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर से पानी की निकासी के लिए रेलवे लाइन के ओवर ब्रिज के बगल से होते हुए बाई पास तक एक नाले का निर्माण किया जा रहा है। इस समय स्कूल के सामने इस नाले का निर्माण कार्य चलरहा है जहां पर आज देखा गया कि न तो ठेकेदार वहां उपस्थित रहा न ही नगर पालिका के इंजीनियर या उसके अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित रहे क्यों कि नाली बनाने वाले ठेकेदार को नगर पालिका की ओर से खुली छूट दे रखी गई है जिसका फायद उठाते हुए ठेकेदार के द्वारा इस नाला के निर्माण के दौरान किसी भी तरह का बेस नहीं बिछाया गया है और घटिया छड़ से जाली बनाकर नाले का निर्माण कराया जा रहा है। यह भी देखा गया कि जिस जगह मसाला बनाया जा रहा है वहां पर गिट्टी, बालू और डस्ट को छोड़कर दो-तीन सीमेंट की बोरियां पड़ी हुई थी यानि इतने बड़ें नाले के निर्माण में मात्र 3 बोरी ही सीमेंट का उपयोग किया गया है। नाला के निर्माण में नीचे बेस न बिछाने का मतलब है कि अगल बगल ढाली गई दीवाल बैठ सकती है क्यों ऐसा इसी नाला के निर्माण में देखा गया कि इसके पहले जहां नाला का निर्माण किया गया था वहां पर कई स्थानों में नाला के धसक जाने से नाला का पानी लोगों के घरों में घुस गया है। इससे आगे अंदाज लगाया जा सकता है। बाई पास से बन रहा नाला यहां तक किस प्रकार बना होगा यह तो बने हुए नाले में किसी भी जगह जांच कर देखा जा सकता है।

### इनका कहना है

इस घटिया नाले के निर्माण की जानकारी लेने के लिए नगर पालिका के इंजीनियर वंशपति पाण्डेय से संपर्क किया गया और बताया गया कि घटिया निर्माण कार्य चल रहा है। इसके बाद इंजीनियर के आदेश के बाद शायद काम बंद कर दिया गया है। अब देखना होगा कि इंजीनियर के द्वारा क्या कार्यवाही की जाएगी।

**इंजीनियर वंशपति पाण्डेय**

नाला के संबंध में जब ठेकेदार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि खोदाई के समय पानी का पाइप टूट गया था जिससे पानी भर गया तब वहां पर कचरा भरा गया है बेस भी डाला गया है। मटेरेयिल की जांच करने के बाद ही उपयोग किया जाता है। हमारे द्वारा नाले का निर्माण कार्य बेस डाल कर नियमानुसार ही चल रहा है जिसकी जांच इंजीनियरो के द्वारा किए जाने के बाद ही हमारा पेमेंट मिलता है। इसी तरह नाले के ऊपर जो मशीन से उठाकर पटिया रखते हैं उस दौरान कहीं कहीं पटिया खराब हो जाती है।

**ठेकेदार**



# एकेएस के लोकेन्द्र गौड़ को मिली पीएचडी उपाधि

**सतना।**

एकेएस विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विभाग के फैकल्टी लोकेंद्र गौड़ की पीएचडी पूर्ण हो गई है।कंप्यूटर विज्ञान विभाग में एसोसिएट डीन और विभागाध्यक्ष प्रो.अखिलेश की देखरेख में उनका शोध पूर्ण हुआ। उनका विषय डीप लर्निंग अप्रोच का उपयोग करके वितरित कंप्यूटिंग में दोष सहनशीलता बढ़ाना,नवीन गहन शिक्षण तकनीकों के माध्यम से वितरित कंप्यूटिंग सिस्टम की लचीलापन और विश्वसनीयता को बढ़ाने,गलती का पता लगाने और सिस्टम रिकवरी में महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने पर केंद्रित है। उनके गाइड ने लोकेंद्र गौर के समर्पण की सराहना करते हुए कहा,उनका शोध न केवल वितरित कंप्यूटिंग में महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करता है। इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन डॉ.जी.के.प्रधान ने डॉ.लोकेंद्र को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों में बड़ी सफलता की कामना की।

**आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन**

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में होम्योपैथी व आयुर्वेदिक पद्धति से किया लाभांवित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

शिर्डी साईनाथ मंदिर की 16वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ओम साई राम समिति के अनुरोध पर छोटी खिरहनी, दुबे कॉलोनी, कटनी में आयुष विभाग द्वारा रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ रितु द्विवेदी नें बताया कि शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारियों द्वारा शिविर में शीत ऋतु में ध्यान, प्राणायाम, (श्वास व्यायाम) और हर्बल उपचार जैसे विभिन्न योग अभ्यास के महत्व को आम जनों को बताते हुए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ देने के लिए आयुर्वेद को



नियमित दिनचर्या में शामिल करने की अपील की गई।


शिविर के दौरान आहार विहार, दिनचर्या, ऋतु वर्या, विभिन्न योगाभ्यास के माध्यम से बच्चों एवं वृद्धजनों को स्वास्थ्य जीवन शैली विकास के संबंध में सदवृत्य, आचार रसायन, मेध्य रसायन के महत्व को बताते हुए स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जाकर शिविर में आयुर्वेदिक पद्धति से 159 एवं होम्योपैथी पद्धति से 110 इस प्रकार कुल 259 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाओं को नवजात शिशुओं के जन्म के समय देखभाल एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए उचित आहार-विहार, दिनचर्या एवं योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी द्वारा बताया गया कि, शिर्डी साईनाथ मंदिर के आस-पास लगी हुई बस्ती एवं झुग्गी झोपड़ी में रहने नाले लोगों को विशेष रूप से निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्ददेश्य से इस शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष शिर्डी साईनाथ मंदिर में आयुष विभाग द्वारा किया जाता है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शिविर को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने दी शोक श्रद्धांजलि

**सतना।**

भाजपा के पूर्व पार्षद योगेंद्र अग्रवाल की माता स्वर्गीय श्रीमती मीराबाई अग्रवाल,पत्नी स्वर्गीय राम गरीब अग्रवाल,का निधन हो गया। स्व.मीराबाई अग्रवाल का परिवार मीसा बंदी के रूप में समाज सेवा और संगठन में अपना विशेष योगदान देता रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडेय ने स्वर्गीय मीराबाई अग्रवाल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा,यह मीसा बंदी परिवार समाज में बढ़-चढ़ कर कार्य करता है। मीराबाई जी का जीवन प्रेरणा देने वाला रहा है,और उनकी सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता,समाजसेवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्व.मीराबाई अग्रवाल के योगदान और समाजसेवा के प्रति उनके परिवार की निष्ठा को याद किया। शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा म.प्र.शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,विधायक नागेन्द्र सिंह,विक्रम सिंह विक्की,सुरेन्द्र सिंह



गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार,पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी,प्रभाकर सिंह,यादवेन्द्र सिंह,श्रीमती ऊषा चौधरी,जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी,विनोद यादव,लक्ष्मी यादव,विनोद तिवारी,चन्द्रकमल त्रिपाठी,गगनेंद्र प्रताप सिंह,शंकर दयाल त्रिपाठी,पुष्पराज बागरी,डॉ स्वप्ना वर्मा,पंडित रामदास मिश्रा,सुरेन्द्र सिंह बघेल,पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह,सतीश शर्मा,राजाराम त्रिपाठी, सुधीर सिंह तोमर,पुष्कर सिंह तोमर,विमला पांडेय,ममता पांडेय,धर्मेन्द्र सिंह बिसेन,मनीष तिवारी,रविन्द्र सिंह सेठी,अनिल जयसवाल,जिला उपाध्यक्ष-बाबूलाल सिंह पटेल,अशोक गुप्ता,श्रीमती किरण सेन, विजय तिवारी,श्रीमती सुधा सिंह,मुरारी सोनी, बालेन्द्र गौतम,संजय तीर्थवानी,जिला महामंत्री ऋषभ सिंह, रमाकांत गौतम,श्रीमती सरोज गूजर,जिला मंत्री दीप नारायण सिंह, लव सिंह गोंड़, श्रीमती जान्हवी त्रिपाठी , श्रीमती रेनू सिंह पटेल, श्रीकृष्ण द्विवेदी,शुभम तिवारी,संजीव द्विवेदी, कोषाध्यक्ष जयप्रताप गुप्ता,अनिल सचदेव,जिला कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी,सह कार्यालय मंत्री अभिषेक कुमार तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता,जिला सह प्रभारी धीरेन्द्र सिंह राठौर,विवेक सिंह,शिवांक त्रिपाठी ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आए 28 आवेदन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 28 आवेदन आए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी उपस्थित कर्मचारियों द्वारा स्थानीयजनों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

### आज तीन ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**पन्ना।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत बुधवार, 22 जनवरी को अजयगढ़ विकासखण्ड की तीन ग्राम पंचायतों में शिविर लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत बरियारपुर भूमियान, छतैनी एवं सिद्धपुर में शिविरों का आयोजन होगा।

### 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार, 25 जनवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर शासकीय छत्रसाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के कला भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के दृष्टिगत अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही अन्य अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण भी किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। लोकसभा निर्वाचन एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया जाएगा। मतदाता दिवस का कार्यक्रम प्रत्येक मतदान केन्द्र पर भी आयोजित किया जाएगा।

### भारत पर्व में प्रस्तुत किए जाएंगे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पन्ना।** गणतंत्र दिवस की संध्या में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 26 जनवरी की शाम 6 बजे टाउन हॉल पन्ना में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की जायेगी। भारत पर्व में संस्कृति विभाग द्वारा तय कलाकारों के दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय लोक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को भारत पर्व के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही आम जनता से भारत पर्व कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का अनुरोध भी किया है।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के हुए 10 वर्ष पूर्ण

**पन्ना।** बुधवार, 22 जनवरी को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण हो जायेंगे। इस अवसर पर महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की सशक्त वाहिनी पर एक फिल्म का भी प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के राज्य, जिला एवं ब्लाक स्तर पर सभी अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। प्रदेश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की दसवीं वर्षगांठ पर 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 तक सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पहले सप्ताह में 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता, सैनिटरी पैड का वितरण, स्कूलों और कॉलेजों में सेनिटरी पैड मशीन की स्थापना, जेंडर सेन्सिटाइजेशन, गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर आम नागरिकों को जागरूक किया जायेगा। दूसरे सप्ताह में वन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से वृक्षारोपण, महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक और साइकिल रैली आदि का आयोजन होगा। तीसरे सप्ताह में स्कूल में बालिकाओं को प्रवेश दिलाने के लिए नामांकन अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा आकांक्षी जिलों में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत किशोरी बालिकाओं के लिए जागरूकता अभियान एवं नामांकन अभियान का आयोजन होगा।

## क्या जिले की सीमा रेत के कारोबार को लेकर निर्धारित या मनमानी

# केन नदी के हालात स्वयं ही कर रहे बयां





केन नदी में रेत का कारोबार पन्ना जिले की सीमा व छतरपुर जिले की सीमा का क्या कोई बंधन नहीं है, आखिर रेत के कारोबारी स्वयं अपनी मनमर्जी से रास्ते बनाकर कारोबार को अंजाम देना उचित मानते है जिले में जिम्मेदार विभाग क्या इसे नियमानुसार उचित मानते है। सवालों के घेरे में केन नदी में रेत उत्खनन को लकर मनमर्जी के हालात।

**पन्ना।**

जिले में केन नदी में रेत उत्खनन का कोई नया मामला नहीं केन नदी स्वयं ही छाया चित्र में बयां कर रही है हालात को जहां रेत के कारोबारी स्वयं की मनमर्जी से पन्ना जिले की सीमा हो या छतरपुर जिले की सीमा नदी में जहां से रेत निकाली जा सकती है वह खेल स्वयं ही जाना जा रहा है, जो छाया चित्र में बने रास्ते से ही स्पष्ट होता है। इतना ही नहीं केन नदी में किसका कान्ट्रेक्ट होता है फिर वह अपनी मनमर्जी से पेटी कान्ट्रेक्ट के रूप में घाटों का निर्माण करके रेत उत्खनन करने की कार्य प्रणाली को अंजाम देते है। जबकि निश्चिततौर पर जिले में संबंधित कंपनी को टेण्डर के माध्यम से या खनिज विभाग के नियमानुसार जो उत्खनन को लेकर कार्य प्रणाली अपनाई गई है आखिरकार क्या पन्ना जिले के साथ-साथ छतरपुर में भी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है या यह कहें कि छतरपुर जिले के खनिज विभाग के द्वारा पन्ना जिले की सीमा में रेत का कारोबार करने को लेकर स्वीकृति प्रदान की जाती है। केन नदी में रेत के कारोबार को लेकर स्वयं ही सवाल खड़े हो रहे है वहीं केन नदी में बने रास्ते ही बयां करते है किस तरह से रेत का कारोबार जिम्मेदारों के द्वारा मनमर्जी को लेकर अंजाम दिया जाता है। वहीं इसकी मानीटरिंग व जांच शायद ही कभी होती हो क्योंकि रेत के कारोबार में जो भी जिम्मेदार अधिकारी केन नदी में जांच को लेकर पहुंचते है या तो उन्हें हटा दिया जाता है या जांच को लंबित कर दिया जाता है। कई तरह की जनचर्चायें व्याप्त है आखिरकार रेत के कारोबार में यह सब क्या जायज है अपने आप में सवालिया निशान जिला प्रशासन के द्वारा क्या रेत को लेकर केन नदी में सीमा निर्धारण या कि किसका कारोबार कितने पेटी कान्टेक्ट कहां-कहां से कहां तक रेत निकाले जाने कारोबार जरूरी माना जा रहा है। इतना ही नहीं केन नदी से कितनी गहराई के अंदर से रेत निकाली जायेगी क्या इसका भी मापदण्ड निर्धारित है या कि मनमर्जी ये हालात जो कायम है आखिर नियमों का पालन किया जा रहा है या कि नियमों को ताक में रखकर कार्य करने को लेकर उचित माना जा रहा है।



## युवा शक्ति मदद के हाथ ने बुजुर्गो के चेहरों पर बिखेरी मुस्कान

**पन्ना।** लगातार युवा शक्ति द्वारा चलाये जा रहे कम्बल वितरण के कार्यक्रम मे आज ग्राम रमजूपुर मे ब्रद्ध महिलाओ और बुजुर्गो को कम्बल वितरित किये बता दे की युवाओ के इस नेक कार्य को करते देख बुजुर्गो के चेहरे खिल उठे साथ आज युवा शक्ति ने कार्यक्रम मे क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति रामपाल सिंह राजपूत के अतिथ्य मे कम्बल वितरण का कार्य हुआ साथ मे नायगांव सरपंच कौशल किशोर लोध जी भी विशिष्ट अतिथि के रूप मे युवाओ का हौसला बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे बता दे की कम्बल वितरण के साथ श्री रामपाल राजपूत जी ने अपने उदबोधन मे शिक्षा और नशा बंद के लिए बुजुर्ग और युवाओ से अपील की इस कार्यक्रम की भूमिका मे सफल संचालन युवा शक्ति के फाउंडर शुभम सिंह राजपूत ने किया उक्त कार्यक्रम मे युवा शक्ति के सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत, विपुल सिंह, सतीश सिंह, विनय सिंह, धर्मेंद्र जी, राहुल सिंह विपिन जी, संजय सिंह,रक्षपाल सिंह, सुनील भुर्जी, सचिन सिंह, हरी सिंह, अरबिंद सिंह, बच्चूराम, तुलसीदास, राजा सिंह सहित दर्जनों मेंबर और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अजयगढ़ में छात्र संगठन एनएसयूआई के द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर किया प्रदर्शन

# राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना/अजयगढ़।**






अजयगढ़ में स्नातक से स्नातकोत्तर स्तर तक की शिक्षा व्यवस्था और आईटीआई महाविद्यालय की मांग एवं अजयगढ़ और धरमपुर क्षेत्र में कृषि विषय की पढ़ाई प्रारंभ कराने सौंपा ज्ञापन<एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश जाटव के नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्यपाल के नाम अजयगढ़ एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर बताया कि वर्तमान में अजयगढ़ महाविद्यालय में केवल स्नातक स्तर की शिक्षा दी जा रही है। जिले के छात्रों को स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए अन्य जिलों में जाना पड़ता है, जिससे न केवल समय और धन की हानि होती है बल्कि अनेक छात्र आर्थिक समस्याओं के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। महाविद्यालय में एमए एमएससी और अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शीघ्र और इसी आने वाले सत्र से शुरू किए जाएं। अजयगढ़ और धरमपुर क्षेत्र के समस्त स्कूलों में कृषि विषय की पढ़ाई शुरू की जाए। अजयगढ़ तहसील एक कृषि प्रधान क्षेत्र है और यहां के युवाओं में कृषि के प्रति रुचि को बढ़ावा देने के लिए ष्एग्रीकल्चरष विषय को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना अत्यंत आवश्यक है। खोरा महाविद्यालय में एग्रीकल्चर विषय शुरू किया जाए। यह न केवल छात्रों के भविष्य के लिए लाभकारी होगा बल्कि क्षेत्र के कृषि विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अजयगढ़ के युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की आवश्यकता है। ऐसे में आईटीआई कॉलेज बेहद जरूरी है। अजयगढ़ में आईटीआई कॉलेज अविलंब प्रारंभ किया जाए, ताकि यहां के छात्रों को भी लाभ मिल सके। उक्त ज्ञापन देने में रिहान मोहम्मद् नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका पन्ना - अक्षय तिवारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पन्ना अंकित शर्मा प्रवक्ता पन्ना रवि यादव विधानसभा अध्यक्ष युथ कांग्रेस,सचिन पांडे, रामनारायण यादव छैन्प विधानसभा अध्यक्ष, कुलदीप गर्ग जिला उपाध्यक्ष, बृजेंद्र यादव एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष, वेद मिश्रा,राजू यादव, कौशलेंद्र सिंह, जीतू यादव, मंजु यादव, प्रेमनारायण यादव, विकाश तिवारी, अनिल, रोहित वर्मा, पीयूष, पारस, मकरंद, हारून ,सचिन, शेखर, रवि ,रामबाबू, तोताराम, वेदांत सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## मुख्य अतिथि मनोज केशरवानी ने फीता काटकर श्री जुगल किशोर जू हर्बल स्टोर का किया भव्य शुभारंभ





**पन्ना।**

ब्लॉक तिराहा के पास पन्ना में दिनांक 20 जनवरी, 2024 को दोपहर 01 बजे नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाज सेवी श्री मनोज केशरवानी ने गरिमामयी उपस्थिति में स्वस्थ जीवन आई.एम.सी. श्री जुगल किशोर जू हर्बल स्टोर का रिबिन काटकर भव्य शुभारंभ किया तथा स्टोर के संचालक राजवीर सिंह परमार सहित संरक्षक आई.एम.सी. सुरेन्द्र सिंह परमार तथा आई.एम.सी. सुभाष पाठक के लिये उत्तरोत्तर प्रगति करने की शुभकामनाऐं दीं। शुभारंभ अवसर पर ए.बी. प्यासी, नरेन्द्र खरे, अश्विनी पाण्डेय, गजेन्द्र सिंह बुन्देला, नरेन्द्र सिंह परमार, कृष्णपाल सिंह बुन्देला, रामनरेश कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण चिरोलया सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, सभी ने श्री परमार को शुभकामनाऐं देते हुये बधाई दी। श्री परमार ने बताया कि स्टोर से संबंधित स्वस्थ जीवन बनाये रखने की दृष्टि से सभी हर्बल हेल्थ केयर वस्तुयें केन्द्र में उपलब्ध रहेंगी जिसमें हेल्थ, पर्सनल, होम, स्कीन बॉडी, एग्रीकल्चर एवं बिटनरी आदि सुखद एवं स्वस्थ जीवन से जुड़ी सभी हर्बल वस्तुऐं स्टोर से प्राप्त होंगी। अंत में आई.एम.सी. आयुर्वेदिक केन्द्र पन्ना की ओर से श्री परमार ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



## उपाध्याय विनिश्चल सागर की देवेंद्रनगर में भव्य आगवानी

**देवेन्द्रनगर।**

दिगंबर जैन संत आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय श्री विनिश्चल सागर जी महाराज एवं मुनिश्री विनियोग सागर जी महाराज ससंघ का आज पावन नगरी देवेंद्रनगर में आगमन हुआ। मुनि संघ ग्राम ब्रजपुर में चातुर्मास संपन्न करके पन्ना ककरहटी गुनौर होते हुए मंगल पगविहार करते हुए नगर में पधारे जिसमें समस्त जैन समाज ने नगर में विराजमान आर्यिका संघ के साथ गुरुदेव की ढोल नगाड़े रंगोली चरण प्रच्छालन शास्त्र भेंट एवं गुरु पूजन आरती करके मंगल आगवानी करी। उपाध्याय श्री ने अपने मंगल प्रवचन देते हुए हुये कहा कि दूर देशान्तर से पक्षीगण व्रक्ष पर रैन बसेरा करने आते हैं और प्रातः काल होने पर अपनी अपनी दिशाओं को गगन विहार कर जाते हैं इसी तरह संसार में जीव का आना जाना लगा रहता है, देवेंद्रनगर की समाज धर्मनिष्ठ और कर्तव्यनिष्ठ समाज है सदैव साधु-संतों की सेवा में समर्पित रहती है।मुनि व्यवस्था समिति प्रधान रबिंद्र जैन बब्लू उपाध्यक्ष इंद्रचंद जैन कोषाध्यक्ष मनीष जैन संजय जैन महामंत्री रवि जैन राहुल जैन राजुल जैन साधना जैन सभी ने जैन समाज एवं ट्रष्ट कमेटी के साथ शीतकालीन वाचना हेतु मुनि श्री से श्रीफल भेंट कर प्रार्थना की। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रतिष्ठाचार्य पंडित संकेत जैन (विवेक) देवेंद्र नगर द्वारा किया गया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष का हुआ प्रथम नगर आगमन

### जगह जगह किया गया भव्य स्वागत भाजपा कार्यालय में किया गया तुलादान

**पवई।**

बीते दिनों भाजपा संगठन के द्वारा नव निर्वाचित जिला अध्यक्षों की सूची जारी की गई थी,जिसमें पन्ना जिले के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा उर्फ डब्बू भैया पर दोबारा भरोसा जताते हुए पुनः जिला अध्यक्ष बनाया गया है। सोमवार को पवई नगर के प्रथम आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा का सांदीपनी गार्डन से बाइक रैली निकाली गई। इसके बाद सांदीपनी गार्डन,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष किरण ब्रजपाल बागरी ,रानू जैन ,पत्रकार संदीप खरे एवं राकेश पाठक पत्रकार के यहां भव्य स्वागत किया गया एवं साल श्रीफल भेंट करते हुए फूल मालाएं पहनाई गई।जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में उनका तुलादान , जनपद पंचायत में अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा द्वारा किया गया। बता दें कि बृजेंद्र मिश्रा लोकसभा चुनाव के पूर्व जिला अध्यक्ष बनाए गए थे, उनके कार्यकाल को देखते हुए पुनः संगठन के द्वारा उन पर भरोसा जताते हुए जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा,मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया,जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह परमार, नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी,मोहन्द्रा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।





### 27 लाख 68 हजार की सहायता राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जिला स्तरीय राहत समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार एवं म.प्र. अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के तहत उत्पीड़तिों को कुल 27 लाख 68 हजार 750 रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। अनुसूचित जाति वर्ग के 33 उत्पीड़ति व्यक्तियों को 23 लाख 43 हजार 750 रूपए तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 6 उत्पीड़ति व्यक्तियों को 4 लाख 25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### ज़रूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**सिगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की अमलोरी परियोजना ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम धरी में जरूरतमंदों को निः शुल्क कंबल वितरण किया। एनसीएल अमलोरी द्वारा यह कार्य प्रदेश में बढ़ती ठंड के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए राहत प्रदान करने हेतु किया गया। इस अवसर पर 150 ज़रूरतमन्द लोग लाभान्वित हुए। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा स्थानीय परिक्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए सर्दी के प्रकोप से बचाने हेतु विभिन्न स्थानों पर कंबल बांटे जा रहे हैं। हाल ही में एनसीएल की अमलोरी परियोजना ने सीएसआर के तहत ग्राम धतूरा में ज़रूरतमन्द लोगों को निः शुल्क कंबल वितरण किया है।

### आज नौगांव का 183वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा

**नौगांव।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौगांव स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी नौगांव स्थापना दिवस समिति ने व्यापक तैयारियां की हैं। अंग्रेज़ों के द्वारा बेलाताल महाराज को हराने के लिए बसाई गई थी नौगांव छावनी। अंग्रेज़ों द्वारा बसाई गई पहली स्मार्ट सिटी है नौगांव जिसका नक्शा भी उस समय विदेश में बनाकर तैयार किया गया था।

इस वर्ष नौगांव को बसे हुए 183 वर्ष पूर्ण होने जा रहे है। इसलिए अवसर पर आयोजन समिति के महेश मंगू साहू ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम मे दोपहर 2 बजे सुन्दर कांड का आयोजन किया जायेगा। एवं इसके बाद नौगांव के ऐतिहासिक महत्व को बताने बाली पुस्तक ₹अपना नौगांव ₹ का विमोचन मुख्य अतिथि माननीय विधायक महाराजपुर द्वारा किया जायेगा। समस्त नगरवासी इस कार्यक्रम मे आमंत्रित है।

### कलेक्टर के पास पहुंची परिवार के लोगों से प्रताड़ित महिला



**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना अंतर्गत आने वाली गर्रोली चौकी क्षेत्र के ग्राम बंछौरा की रहने वाली महिला ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि वह अपने परिवार के लोगों से प्रताड़ित है। महिला का आरोप है कि परिवार के 4 लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई है और 50 हजार रुपए छीन लिए गए हैं।

बंछौरा निवासी राजाबाई पत्नी शिवदयाल कुशवाहा ने बताया कि उसके ससुर द्वारा पुश्तैनी जमीन को अपने पुत्रों में बराबर बांट दिया गया था लेकिन अब परिवार का भरोसी, मंगलदीन, जालम और भूरा कुशवाहा उसके हिस्से की संपत्ति को हड़पना चाहते हैं। राजाबाई का आरोप है कि गत 17 जनवरी को सुबह के समय उक्त चारों ने उसके घर में घुसकर न केवल मारपीट की बल्कि घर में रखे 50 हजार रुपए भी छीन लिए गए। राजाबाई का कहना है कि लंबे समय से उक्त आरोपी उसे परेशान कर रहे हैं। जनसुनवाई में अपनी समस्या बताकर राजाबाई ने न्याय की गुहार लगाई है।

### जनपद सदस्य ने कहा- अपने वादे को पूरा करें मुख्यमंत्री

**छतरपुर।** जिले की गौरिहार जनपद पंचायत के वार्ड 14 पलटा की सदस्य भावना राजे ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देकर चुनाव के वक्त मुख्यमंत्री द्वारा जनता से किए गए वादे को पूरा कराने और उनके वार्ड में अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा कराए जाने की मांग की है।

जनपद सदस्य भावना राजे ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौरिहार और सरवई को नगर परिषद् बनाने का ऐलान किया था, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किए गए हैं।

#### महिला सहित 5 घायल, दो को गंभीर हालत में किया गया रेफर

# पिकअप और डीजे वाहन में हुई भिड़ंत, चपेट में आई दो बाईक

**नौगांव/छतरपुर।** थाना क्षेत्र में बीती रात पिकअप तथा डीजे वाहन में जोरदार भिडंत हो गई और इन वाहनों की चपेट में आने से दो बाइक पर सवार होकर जा रहे लोगों सहित कुल 5 लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है। घायलों में दो की हालत गंभीर है, जिसके चलते उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नौगांव-छतरपुर मार्ग पर बीटीआई कॉलेज के सामने सोमवार की रात करीब 9 बजे छतरपुर की ओर जा रहे डीजे वाहन की सामने से आ रही पिकअप से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वाहन सड़क किनारे खाई में जा गिरा, जबकि डीजे वाहन सड़क पर ही पलट गया था। इसके साथ ही डीजे वाहन के पीछे बाइक से चल रहे प्रशांत तिवारी और पिकअप के पीछे चल रहे शिवम नामदेव की बाइक भी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की चपेट में आ गईं, जिससे प्रशांत तिवारी के अलावा शिवम नामदेव, भूपेन्द्र नामदेव और उसकी मां घायल हो गई। बताया गया है कि प्रशांत की बाइक पिकअप में फंस गई थी, जबकि भूपेन्द्र की बाइक पर डीजे वाहन पलट गया था। उक्त भीषण हादसे की खबर लगते ही नौगांव पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांव ले जाया गया। बीएमओ डॉ. रविन्द्र पटेल ने डॉ. सौरभ मिश्रा एवं अन्य चिकित्सकों की मदद से घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चूंकि शिवम नामदेव और भूपेन्द्र नामदेव की हालत गंभीर थी, इसलिए उन्हें तुरंत ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटनास्थल पर पुलिस ने सभी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर आवागमन शुरु करा दिया है।



### आपातकालीन सेवा वाहन चालक ने शराब के नशे में बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत, परिजनों ने किया चक्काजाम



**छतरपुर।** जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊजरा के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि 58 वर्षीय सीताराम कुशवाहा बॉर्डर चैक पोस्ट के समीप झोपड़ी बनाकर जल-पान की दुकान संचालित करता था। मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे सीताराम अपनी इसी दुकान में बन सो रहा था, तभी तेज रफ्तार में आ रहा आपातकालीन सेवा वाहन क्रमांक एमपी 16 जीए 1033 अनियंत्रित हो गया और झोपड़ी से टकराते हुए खाई में जा गिरा। वाहन की चपेट में आने से सीताराम की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बेटे मुन्नालाल कुशवाहा का कहना है कि घटना के वक्त वाहन का चालक शराब के नशे में धुत्त था, जिस कारण से दुर्घटना हुई है। मुन्नालाल ने डायल-100 को सूचना दी थी, जिसके बाद पुलिस सीताराम को गढ़ीमलहरा अस्पताल लाई। चिकित्सकों ने जांच के बाद मौत की पुष्टि करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया था, जिसकी खबर लगते ही गढ़ीमलहरा थाना का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है और परिजनों को समझाइश देने में लगा हुआ है।

## बच्चों के बीच हुईं विविध प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**खजुराहो।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में गत रोज शिशु नगरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के बीच विविध प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। इसके साथ ही विद्यालय की कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों का मातृ सम्मेलन भी हुआ। स्कूली बच्चों ने टायर दौड़, जोड़ी बनाओ, गुब्बारे फुलाने, रंगोली और ईंट पर संतुलन के साथ चलने जैसी रोचक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया, साथ ही कुछ बच्चों ने लोकगीतों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा देश भक्ति और धार्मिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां भी हुईं। समापन अवसर पर अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कार दिए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निधि सिंह बघेल रहीं, जबकि विशिष्टि अतिथि के रूप में पुष्पा सिंह, अलका जैन, अनीता उपाध्याय, अध्यक्ष नवनीत अवस्थी, प्राचार्य प्रभात सिंह, शिशु वाटिका प्रमुख अर्चना सिंह, अर्चना दीक्षित, प्रियंका गुप्ता, प्रिया विश्वकर्मा, श्रीमती कांति जैन एवं रागिनी अवस्थी उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों सहित नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## एक माह से लापता है नाबालिग लड़की

### पिता ने कलेक्टर को सुनाई फरियाद, रिश्ते के चाचा पर संदेह

**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र की पठा चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम पुरा की रहने वाली एक 16 वर्षीय लड़की पिछले एक माह से लापता है और परिजनों को रिश्ते में लड़की के चाचा लगने वाले व्यक्ति पर संदेह है। लड़की का पिता पुलिस को आवेदन देकर कई बार तलाश करने की गुहार लगा चुका है लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं।



पिता ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देकर बेटी का पता लगाने की मांग की है।

पुरा निवासी श्रीपाल ने बताया कि 22 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे उसकी बेटी सुमन पाल घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकली थी और तभी से लापता है। पठा चौकी में लड़की की गुमशुदगी दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की थी जिसमें कुछ तथ्य सामने आए थे लेकिन पुलिस ने न तो परिजनों को उसके बारे में कुछ बताया और न ही अभी तक लड़की का पता चला है। श्रीपाल का कहना है कि उसे गांव के ही रहने वाले अपने चचेरे भाई ओमप्रकाश पाल द्वारा लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का संदेह है, क्योंकि वह भी उसी दिन से लापता है, जिस दिन उसकी बेटी लापता हुई थी।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय के लिए शुरू हुए पंजीयन



**छतरपुर।** रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन का कार्य शुरु हो चुका है, जो 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक चलेगा। पंजीयन कराने के लिए किसानों को निर्धारित फार्म, बैंक पासबुक, ऋण पुस्तिका तथा आधार कार्ड की छायाप्रति एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर लेकर पंजीयन केन्द्र पर जाना होगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे ने बताया कि इस बार पंजीयन के लिए जिले में 100 केन्द्र बनाए गए है। म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक द्वारा प्रत्येक पंजीयन केन्द्र पर बैनर एवं पंजीयन फार्म उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद कार्यालय और तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों के साथ-साथ सहकारी समितियों एवं विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था है। इसके अलावा एमपी किसान एप के माध्यम से भी पंजीयन किए जा रहे हैं। श्री कोठारे ने बताया कि इसके अलावा किसान भाई एमपी ऑनलाईन कियोस्क, सीएससी सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे के माध्यम से 50 रूपए शुल्क देकर भी पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने किसान भाईयों से अपील की है कि वे समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय के लिए 31 मार्च के पहले अपने पंजीयन कराएं ताकि समर्थन मूल्य योजना का लाभ उन्हें मिल सके।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छतरपुर के बेसबॉल खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

### बालक और बालिका वर्ग की टीमों में छतरपुर के 9 खिलाड़ी रहे शामिल

**छतरपुर।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में 15 से 18 जनवरी तक आयोजित की गई 68वीं राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल (19 वर्षीय बालक/बालिका) प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाली मध्यप्रदेश की टीम में छतरपुर की 5 बालिकाएं और 4 बालक शामिल रहे।

मध्य प्रदेश बेसबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं कोच मानसिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल हुई बालिकाओं की टीम में छतरपुर की सरस्वती बढ़ई (कप्तान), प्रिंसी राजा परमार, वेदिका यादव (शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक-1 छतरपुर), विशाखा अरजरिया (डी.एन.जी. स्कूल छतरपुर) और पूनम अहिरवार (एमएलबी स्कूल छतरपुर) शामिल रहीं, जबकि बालक वर्ग की टीम में रविंद्र संसिया (कप्तान), दीपक छारी (विजय आधुनिक स्कूल छतरपुर), विवेक पटेल(शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक-1 छतरपुर) और अमित साहू (शा. सीएम राइज उ.मा.वि. छतरपुर) ने सहभागिता की। टीम की कोच हेमलता गंधर्व के मार्गदर्शन में दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। छतरपुर के सभी खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी आरपी प्रजापति, शासकीय उत्कृष्ट क्रमांक 1 के प्राचार्य एसके उपाध्याय, सीएम राइज के प्राचार्य ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, एमएलबी प्राचार्य श्रीमती सविता अग्रवाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीकांत द्विवेदी, प्रशांत त्रिवेदी, खेल युवा कल्याण विभाग के अधिकारी राजेंद्र कोष्टा, जिले के व्यायाम शिक्षक रामकृष्ण जाटव, भारत भूषण सिंह, जीतेंद्र सिंह, पंकज शुक्ला, श्रीमती सुधा देवी राजपूत एवं बेसबॉल के सीनियर खिलाड़ी धीरज चौबे, शैलेंद्र असाटी, अमित शुक्ला, सनत नागर आदि ने शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।





## घर के बाहर खड़ी कार में लगी आग, कारण अज्ञात

**छतरपुर।** सटई थाना क्षेत्र के ग्राम भैरा निवासी शिवहरे परिवार की कार घर के बाहर खड़ी हुई थी, इसी दौरान अज्ञात कारणों से अचानक कार में आग लग गई। भैरा निवासी जगदीश शिवहरे ने बताया कि उसकी 2016 मॉडल बोलेरो कार क्रमांक यूपी 95 के 5870 मेरे घर के बाहर खड़ी हुई थी। मंगलवार की सुबह करीब 4 बजे अचानक गाड़ी का टायर ब्लास्ट होने की आवाज सुनाई देने पर घर से बाहर निकला तो कार में आग लगी हुई मिली। जगदीश और उसके परिजनों ने मोहल्ले के लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया और घटना की जानकारी डायल-100 को दी। परिवार के रवि शिवहरे ने बताया कि आग से कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह खाक हो गया है। घटना के संबंध में सटई थाना प्रभारी रूपनारायण पटैरिया ने बताया कि अभी आग लगने के कारण सामने नहीं आए हैं। परिवार की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## एनटीपीसी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 350 बिलियन यूनिट्स पावर उत्पादन का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया

**सिंगरौली।** एनटीपीसी लिमिटेड ने 20 जनवरी 2025 को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 350 बिलियन यूनिट्स (BU) पावर उत्पादन का सबसे तेज़ रिकॉर्ड तोड़ा। यह उपलब्धि केवल 295 दिनों में हासिल की गई, जो पिछले साल के मुकाबले 11 दिन पहले है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में एनटीपीसीने यह मील का पत्थर 31 जनवरी को पार किया था।

यह सफलता एनटीपीसी के देश को विश्वसनीय और सस्ती बिजली आपूर्ति करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

एनटीपीसी लिमिटेड की कुल स्थापित क्षमता 76.5 GW है, जबकि कंपनी 29.5 GW क्षमता (जिसमें 9.6 GW नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है) का निर्माण कर रही है। एनटीपीसी 2032 तक 60 GW नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

बिजली उत्पादन के अलावा, एनटीपीसी ने कई नए क्षेत्रों में कदम रखा है जैसे ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पंपड हाइड्रो स्टोरेज, वेस्ट टु एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन समाधान और संघ राज्य क्षेत्रों के पावर वितरण में भागीदारी।

एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर कंपनी है, जो देश की कुल बिजली की आवश्यकता का लगभग चौथाई हिस्सा पूरा करती है। थर्मल, हाइड्रो, सोलर और विंड पावर के संयोजन के साथ, एनटीपीसी लगातार विश्वसनीय, सस्ती और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एनसीएल खड़िया परियोजना ने सीएसआर के तहत डीएवी विद्यालय को सौंपे वर्चुअल रियल्टी डिवाइस

**सिंगरौली।** एनसीएल की खड़िया परियोजना ने सीएसआर के तहत छात्रों को इंटरैक्टिव लर्निंग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से डीएवी विद्यालय, खड़ियाा को 2 वर्चुअल रियल्टी डिवाइस प्रदान किए। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (खड़िया ) श्री मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि वर्चुअल रियल्टी डिवाइस के प्रयोग से छात्रों की ध्यान अवधि और विषय ज्ञान में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त उन्होने भविष्य में भी ऐसे ही सकारात्मक प्रयास निरंतर करते रहने का आश्वशन दिया। एनसीएल खड़िया द्वारा वितरित इस नवाचारी सुविधा का लाभ डीएवी खड़िया के विद्यार्थियों सहित क्षेत्र के अन्य विद्यार्थी ले पाएंगे। इस यंत्र के माध्यम से कक्षा नौवीं तथा दसवीं के छात्र विज्ञान तथा गणित के प्रयोगों का वास्तविक अनुभव ले कर सरलता से समझ सकेंगे। इसके अतिरिक्त आभासी वास्तविकता के माध्यम से छात्र किसी भी चीज़ का व्यावहारिक अनुभव लेने में सक्षम होंगे जिस से उन्हें जटिल विषयों को समझने में आसानी होगी। . इस अवसर पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण , स्टाफ अधिकारी और नोडल अधिकारी (सीएसआर) एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### पिता से नाराज युवक ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 19 में बीती रात एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक लवकुश पटेल उम्र 22 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दी। घटना की जानकारी तब मिली जब मृतक की बहन खाना लेकर उसके कमरे में पहुंची और उसने अपने भाई को फांसी के फंदे से लटकते देखा। यह दृश्य देखकर बहन के होश उड़ गए और उसने शोर मचाते हुए परिवार के अन्य सदस्यों को सूचित किया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के मुताबिक, मृतक का अपने पिता शेषमणि पटेल से दो दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि, आत्महत्या का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शहर के वार्ड क्रमांक 19 में रहने वाले मृतक लवकुश पटेल के पिता शेषमणि पटेल जय स्तंभ चौराहे में चाय की दुकान संचालित करते हैं। बताया गया कि बीती रात तकरीबन 8 बजे जब भाई को खाना खाने देने बहन उसके कमरे में गई तो वह फांसी के फंदे में लटकता मिला। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि मृतक लवकुश पटेल का 2 दिन पूर्व अपने पिता से किसी बात को लेकर बहस हुई थी। युवक ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है यह साफ नहीं हो सका है। पुलिस द्वारा परिजनों के बयान दर्ज कर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पीएम कराया गया साथ ही मर्ग कायम कर मामले को जांच में लेकर सुसाइड के कारणों का पता लगा रही है।

### चिरहुला मंदिर परिसर में 3.25 करोड़ रूपये से किये जा रहे हैं सौन्दर्यीकरण व विस्तार के कार्य

**रीवा ।** चिरहुला मंदिर परिसर में 3 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत से विस्तार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मंदिर परिसर में निर्माणाधीन 30 दूकानों के निर्माण कार्य सहित प्रस्तावित पार्किंग स्थल का कलेक्टर ने निरीक्षण करते हुए निर्देश दिये कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूरे करायें। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर तक सड़क के किनारे में पेवर ब्लाक लगाकर चौड़ा करें तथा पार्किंग स्थल को समतल कर सुविधाजनक बनायें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुसार प्रवेश व निकास के मुख्य द्वार से मार्ग बनायें तथा मंदिर से लगे क्षेत्र में हाल का निर्माण प्रारंभ करायें। कलेक्टर ने अन्न क्षेत्र को व्यवस्थित करने तथा भीड़ में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उल्लेखनीय है कि नवीन दूकानों के बन जाने से मुख्य द्वार से मदिर तक का मार्ग चौड़ा व सुविधाजनक हो जायेगा तथा चिरहुला तालाब का सौन्दर्य भी बढ़ेगा साथ ही संपूर्ण परिसर में श्रद्धालुओं को सुगमता हो जायेगी। भ्रमण के दौरान एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ डॉ. अनुराग तिवारी, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, कार्यपालन यंत्री पीआईयू के.के. तिवारी, सहायक मंत्री ओ.एन. मिश्रा, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला उपस्थित रहे।

### नए नाम जोड़े जाएंगे ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों का सर्वे शुरू कराएगी जिला पंचायत, तैयारियां शुरू

# प्रधानमंत्री आवास योजना में फिर से शुरू होगा सर्वे

**रीवा ।** प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की देश के गरीब व जरूतरमंद लोगों को अपना घर उपलब्ध कराने की योजना है। इस योजना के तहत लाभार्थी को सब्सिडी व लोन प्रदान किया जाता है ताकि ये आसानी से अपना घर खरीद या बना सके। इस योजना को शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के नाम से संचालित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का लाभ देने के लिए जिला पंचायत द्वारा जल्द ही पात्र हितग्राहियों का सर्वे शुरू कराया जाएगा। हितग्राहियो के नाम जोडे जाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सर्वेयर सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री, एडीईओ, पीसीओ में से ही एक को नियुक्त किया जायेगा जो सर्वे प्रारम्भ करने के पूर्व प्रक्रियाओ को पूर्ण करायेंगे। उल्लेखनीय है कि जिले अन्तर्गत सभी पंचातयो एवं ग्रामो की शत-प्रतिशत मैपिंग पोर्टल में किया जा चुका है। जिले के अन्तर्गत 820 पंचायत एवं 2709 ग्रामो की मैपिंग की गई है। कोई भी ग्राम छूटा नहीं है। सभी पंचायतों में सर्वे कार्य किये जाने हेतु सर्वेयर नियक्त/पंजीयन की कार्यवाही की जा रही है जिले के 820 सर्वेयर पंजीयन किया जायेगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आवास 2024 सर्वेक्षण शुरू कर दिया है. जिसका पहला चरण सर्वेक्षणकर्ताओं का पंजीकरण है जो आवास अ 2024 मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके सर्वे कार्य करेंगे। जनपद पंचायतो द्वारा सर्वेक्षणकर्ताओं को पंजीकृत कर लिया है और उन्हें आवास 2024 मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करने हेतु ग्राम पंचायतों में मैप कर दिया है। इस योजना में जिन हितग्राहियों के पास मोटाराइज्ड श्री या फोर व्हीलर वाहन ना हों, मशीनकृत श्री या फोर व्हीलर कृषि उपकरण ना हों, किसान क्रेडिट कार्ड धारक जिसकी सीमा 50000 या अधिक ना हो, यह परिवार जिसका कोई सदस्य शासकीय सेवक ना हों, यह परिवार जिसका गैर कृषि इन्टरप्राइजेज सरकार में पंजीकृत ना हों, वह परिवार जिसके किसी सदस्य की मासिक आय 15000 से अधिक ना हो, इन्कम टैक्स पे ना हो, 2.5 एकड या अधिक सिंचित भूमि ना हों, 5 एकड या अधिक असिंचित न ही पात्र होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत इस बार लाभार्थी को अपनी पसंद का मकान बनाने का मौका दिया गया है। योजना के तहत आवास प्लस ऐप में पसंद का मकान बनाने का ऑप्शन दिया गया है। आप जिस डिजाइन का मकान बनाना चाहते हैं इसका डिजाइन फेस डिटेक्शन के साथ ऐप में फीड हो जाएगा। लाभार्थी को मकान बनाने के लिए 1.20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता चार किस्तों में प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की इस बार जारी की गई संशोधित नई गाइडलाइन के अनुसार जिन लाभार्थियों के पास बाइक, उन्हें भी पीएम आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा यदि किसी परिवार का कोई सदस्य 15 हजार रुपए प्रतिमाह कमाता है तो भी उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। पहले 10 हजार रुपए प्रतिमाह कमाने वाले लोगों को ही इसमें आवेदन के लिए पात्र माना जाता था तथा परिवार के पास कच्चे एवं आवासहीन परिवारो को योजना के नियमों में ढील दिए जाने से अब अधिक जरूरतमंद और गरीबों तक इस योजना का लाभ पहुंच सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार की ओर से लाभार्थी को मकान बनाने के लिए चार समान किस्तों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसमें पहली किस्त में 25 हजार रुपए, दूसरी किस्त में 40 हजार रुपए और तीसरी किस्त मे 40 हजार रूपये व अंतिम किस्त में 15 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। यह राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाती है। इसके लिए उन्हें अपने मकान का काम निर्धारित समय में पूरा करना होता है। पहली किस्त मिलने के बाद हितग्राही को भवन निर्माण शुरू करना होता है। इसके बाद दूसरी किस्त मिलती है। जब भवन का काम छत लेवल तक पहुंच जाता है तब लाभार्थी को तीसरी किस्त का भुगतान किया जाता है एवं आवास पूर्ण होने के बाद हितग्राही अंतिम किस्त या चौथी किस्त भुगतान किया जाता है एवं हितग्राही के मनरेगा योजनान्तर्गत 90 दिवस की मजदूरी भी प्रदाय की जावेगी।

## रीवा बायपास कार्य समय सीमा में करें पूर्ण - उप मुख्यमंत्री



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा-बायपास परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके पूर्ण होने से न केवल शहर में यातायात का दबाव कम होगा, बल्कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा-बायपास परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना सर्वोपरि है, ताकि आमजन को इस महत्वपूर्ण परियोजना का शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी अविनाश लवानिया सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सप्ताह में कम से कम दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करें - कमिश्नर

**रीवा ।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी सप्ताह में कम से कम दो दिन क्षेत्र का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान विभाग के कार्यों की निगरानी के साथ अस्पताल, आंगनवाड़ी केन्द्र, स्कूल और छात्रावासों का निरीक्षण भी करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करें। इसमें शामिल ग्रामीण विकास विभाग, गृह विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय, ऊर्जा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी लंबित आवेदनों में कार्यवाही करके प्रकरणों का निराकरण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि छात्रावासों के निरीक्षण के लिए अधिकारी तैनात किए गए थे। उनसे प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उपायुक्त ट्राईबल छात्रावासों में व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। छात्रावासों में भोजन, आवास, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा की उचित व्यवस्था करें। संयुक्त संचालक उद्योग विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की योजनावार तथा जिलेवार सूची प्रस्तुत करें। सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 100 दिन से अधिक से लंबित प्रकरणों का विशेष प्रयास करके निराकरण कराएं। पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि जनवरी माह में 77 शासकीय सेवक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कई बार निर्देश देने के बावजूद अब तक 58 कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। कमिश्नर ने पेंशन प्रकरण प्रस्तुत न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रीवा तथा सतना, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हनुमना, त्योंथर, रायपुर, गंगेव तथा सिरमौर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एक वार्षिक वेतनवृद्धि अवरूद्ध करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने पेंशन प्रकरण प्रस्तुत न करने पर कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री सेतु विकास निगम, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा तथा कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विद्युत यांत्रिकी विभाग की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। योजनाओं में फरवरी माह के अंत तक विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। आपूर्ति नियंत्रक खाद्यान्न का समय पर उठाव कराकर उचित मूल्य दुकानों से वितरण कराएं। खाद्यान्न वितरण से जुड़ी सभी शिकायतों का सात दिवस में निराकरण करें। अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण भी प्राथमिकता से निराकृत कराएं। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, एसडीओ वन विद्याभूषण मिश्रा, चीफ इंजीनियर ऊर्जा आईके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, संयुक्त संचालक कृषि जेएस नेताम तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## शहर से लेकर गांव तक खुलेआम बिक रहा मीठा जहर, मिलावटी दूध



**रीवा।** दूध मानव जीवन के लिए अति आवश्यक तत्व है । इसके अभाव में मानव जीवन का विकास अधूरा समझा जाता है।मनुष्य जीवन के विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति दूध से ही होती है। माना जाता है कि इस देश में एक समय था जब दूध की नदियां बहा करती थी। लोगों को खाने के लिए भोजन नसीब हो या न हो लेकिन दूध पर्याप्त मात्रा में होता था। जिसे गरीब वर्ग दाने के आभाव में दूध पीकर अपनी जिंदगी बचा लेता था।उसी दूध के दम पर ही दिन भर खेतों में हल चलाता था, हाड़ तोड़ मेहनत करता था क्योंकि तब पशुधन की कहीं पर कमी नहीं थी साथ ही जो दूध मिलता था वह शुद्धता से परिपूर्ण होता था । उस पर शंकालु नजरिया नही होता था। लेकिन आज पशुधन और शुद्धता दोनों कठघरे में खडे.हैं। जब आबादी कम थी उस समय मवेशियों की संख्या मानव संख्या से कहीं ज्यादा थी लेकिन आज के दौर में आबादी चरम पर है।साथ ही मशीनी युग आने से पशुधन की महत्ता में कमी आयी है और दूध की आवश्यकता भी बढी. है।सुबह की चाय की चुश्कियों से लेकर बच्चों के पीने की बात हो या फिर तरह तरह की मिठाइयों से लेकर दोपहर या शाम की सब्जी के आइटम हों सभी में दूध या दूध से बने उत्पादों की आवश्यकता बढी.है।इस प्रकार एक तरफ पशुधन की नगण्यता , होटलों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा और दुग्ध तथा उसके उत्पादों की मांग में असीमित वृद्धि दूध की उपलब्धता पर गंभीर सवाल लगाती है।निश्चित रूप से हमारा ध्यान मिलावट की ओर खींच कर ले जाती है। आए दिन इस मिलावट की खबरें चलती ही रहती हैं कहीं डिब्बा बंद दूध को लेकर तो कहीं डिटरजेंट निर्मित दूध को लेकर।

उठते सवाल ,,? दुधारू पशुओं की संख्या घटी फिर भी कहां से आ रहा पर्याप्त दूध। कहने और सुनने मैं कुछ इस तरह का सवाल सरल भी है और अगूढ भी। लेकिन यह कटु सत्य है कि आज भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग जिस तरह से पशुपालन जैसे अति उपयोगी व्यवसाय से दूरियां बना लिए उससे दूध की कमी होना लाजमी है । लेकिन देखने में यहां आ रहा है कि दूध उत्पादन सीमित दायरे में हो गया है और शहर से लेकर गांव तक दुग्ध व्यवसायी पर्याप्त मात्रा में दूध जनमानस तक पहुंचा रहे हैं। जिससे साफ जाहिर होता है कि मिलावट खोरी ही एक ऐसा साधन इन दुग्ध व्यवसाईयों के पास बचा है जो दूध उत्पादन का नया तरीका इजाद करते हुए घर घर सुबह से लेकर शाम तक इसी विकसित मिलावटी तरीके से दूध का उत्पादन कर जनता तक पहुंचा रहे हैं। आज विभिन्न प्रकार के तरीके इजाद कर थोड़ी सी लागत में ज्यादा मात्रा में शुद्ध दूध की तरह ही नकली दूध तैयार किया जा रहा है और इसी दूध से बने खाद्य सामग्री आम जनमानस के लिए घातक साबित हो रही है। लेकिन गांव से लेकर शहर तक बिक रहे इस नकली दूध की ओर आज तक फूड विभाग द्वारा कोई खास कार्यवाही नहीं की गई जो फूड विभाग ही नहीं अन्य प्रशासनिक अमले पर भी सवालिया निशान लगाते हैं। यदि समय रहते संबंधी विभाग एवं जिम्मेदार आला अधिकारी मिलावटी दूध की ओर अपनी पैनी नजर नहीं दौड़ाए और इन मिलावटखोरों पर जांच उपरांत कड़ी कार्यवाही नहीं होती तो मीठे जहर के रूप में या मिलावटी दूध मानव जीवन के लिए घातक साबित होगा।

### ऐसे बन रहा नकली दूध

नकली दूध के संबंध में जब दूध व्यवसायी को विश्वास में लेकर संपर्क किया गया तो नाम का खुलासा न करने की शर्त पर एक दूध व्यवसाई ने बताया कि बर्तन में शैंपू डालकर उसमें आधा लीटर रिफाइन आयल मिलाकर आधा लीटर दूध डाला जाता है दूध को गाढ़ा करने के लिए चीनी का बुरादा और एक बाल्टी पानी मिलाया जाता है।ईजी लिकिव्ड में सिंघाड़े का आटा और उसमें खाने का सोडा मिल्क पाउडर आदि जैसे फार्मूले इजाद कर नकली दूध बनाया जा रहा है।

### ऐसी करें नकली दूध की पहचान

नकली दूध की पहचान अगर दूध उबालने पर उसकी छाले प्लास्टिक जैसी पतली उतरे तो समझ जाएं दूध मिलावटी है।

## शुकुलगवां नल जल योजना आधी अधूरी, पानी के लिए भटकते ग्रामीण



**मऊगंज।** जिलेभर मे सरकार की अति जनकल्याणकारी जल जीवन मिशन योजना एवं नल जल योजना जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। सरकार की मंशा अनुसार योजना के तहत हर गांव हर घर के हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल मुहैया कराना था। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह अति महत्वाकांक्षी योजना जनता के लिए नाकाफी साबित हो रही है। वैसे तो जिले में कोई एक दो स्थान नहीं बल्कि पूरे जिले के विकास खण्डों में हालात एक जैसे हैं जहां देखा जाए वही ठेकेदारों की मनमानी एवं जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के चलते योजना को जमीनी रूप नहीं मिल पा रहा है। इसी कड़ी मे देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के मऊगंज विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत शुकुलगवां में देखने को मिल रहा है। जिसमे निवासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराए जाने हेतु करोड़ों रुपए की लागत से विशालकाय पानी की टंकी का निर्माण कराया गया। लेकिन जनता को आज तक पेयजल समस्या से निजात नहीं मिल पाई है।

### निर्माण कार्य में भारी अनियमितता

पानी टंकी के निर्माण कार्य दौरान संबंधी निर्माण एजेंसी द्वारा भारी अनियमितता बरती गई। पानी टंकी तो बना दी गई लेकिन जब नल जल योजना के तहत घर घर पाइपलाइन डालने की बारी आई तो सारे नियम कायदों को दरकिनार कर योजना के विपरीत कार्य कराया गया। आलम यह रहा कि 50 फ़ीसदी से अधिक आम निवासियों के घरों में नल की टोटियां तक नहीं लगाई गई। जिन घरों के पास पानी सप्लाई हेतु पॉइंट दिए गए उन स्थानों पर खुली पाइप छोड़ दी गई इतना ही नहीं 40 फ़ीसदी से भी अधिक हितग्राहियों के घरों में कनेक्शन तक नहीं किया गया। इधर जब पानी सप्लाई की बारी आई तव गांव के निवासियों को एक बूंद पानी तक नहीं दिया गया। जबकि विभाग एवं निर्माण एजेंसी के बीच इस आशय की संविदा है कि निश्चित समय तक ठेकेदार द्वारा नल जल योजना को ट्रायल के रूप में चलाना होगा इस अंतराल में ठेकेदार द्वारा किए गए कार्यों को जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आला अधिकारी परीक्षण उपरांत बेहतर साबित करेंगे तब वह योजना पूर्ण मानी जावेगी। लेकिन शुकुलगवां ग्राम पंचायत में स्कूल के पास स्थित नल जल योजना को ट्रायल में सफल होना तो दूर आज तक गांव की जनता को जल जीवन मिशन द्वारा निर्मित पानी की टंकी का दो बूंद पानी नियमित रूप से जनता को नसीब नहीं हो पाया। करोड़ों खर्च के बाद भी योजना को साकार रूप ना मिलने से शुद्ध पेयजल के लिए दर-दर भटकने वाले ग्रामीण जनता की माने तो बीते वर्ष से पानी की टंकी तो बनकर तैयार हो गई लेकिन पाइप डालने का कार्य आज तक पूर्ण नहीं किया गया और ना ही नियमित पानी सप्लाई प्रारंभ हो पाई। उधर ग्रामीणों की माने तो कई बार जिम्मेदारों को समस्या से अवगत कराया गया लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं हुई। सूखी पड़ी पानी की टंकी अपने आप में गुहार लगाती नजर आती है कि पहले निर्माण एजेंसी एवं विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई तथा जन सुखाधिकार में किस कदर पलीता लगाया गया और अब जब पानी सप्लाई की बारी आई तो जिम्मेदारों ने अपनी जिम्मेदारी से ही मुंह मोड़ लिया। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि पेयजल समस्या को ध्यान में रखते हुए बेहतर रूप वाटर सप्लाई की जाय।

# मऊगंज सिविल अस्पताल मे अव्यवस्था का आलम

### डॉक्टर निजी प्रेक्टिस मे मशगूल, अस्पताल मे गैरमौजूदगी पर सवाल

**मऊगंज।** जिले के सिविल अस्पताल से एक बार फिर लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। अस्पताल में बच्चों को दिखाने आए मरीजों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर नियमित रूप से अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं रहते। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाए है कि यहा पदस्थ डॉक्टर निजी क्लिनिक में मरीजों का इलाज करते हैं और सिविल अस्पताल में उपलब्ध नहीं रहते। अस्पताल आए मरीजों ने बताया कि उन्हें बच्चों के इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। एक मरीज की माँ ने कहाः जब हम अस्पताल आए तो हमें बताया गया कि डॉक्टर मौजूद नहीं हैं। यह स्थिति बार-बार होती है। अस्पताल के डॉक्टर अपनी जिम्मेदारियों को नजरअंदाज कर रहे हैं और मरीजों को इधर-उधर भटकने पर मजबूर कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर सिविल अस्पताल की सेवाओं को



कमजोर कर रही है, बल्कि मरीजों के विश्वास को भी तोड़ रहै है। घटना के बाद भी अस्पताल प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोग इस स्थिति से बेहद नाराज हैं और इसे स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर अव्यवस्था मान रहे हैं।

### मरीजों की मांग है कि

- डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।
- निजी क्लिनिक चलाने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई हो।
- सिविल हॉस्पिटल की सेवाओं में सुधार के लिए प्रशासन तुरंत कदम उठाए।

### जनता की चेतावनी

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं करता तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ₹यह केवल एक डॉक्टर की लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर सवाल उठाता है। मरीजों की परेशानी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सिविल अस्पताल का दर्जा मिल जाने के पश्चात भी यहाँ की व्यवस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की तरह रह गई है जिला प्रशासन से लेकर स्वास्थ्य अधिकारी इस और ध्यान नही दे रहे है।